प्र. पारिस्थितिकी तंत्र का उदाहरण है?

(a) वायु (b) तालाब

(c) जल (d) मृदा

उत्तर- (b) पारिस्थितिकी तंत्र एक ऐसा परिवेश होता है जिसमें जैव एवं अजैव तत्व उपस्थित होते हैं तालाब एक प्रकार के पारिस्थितिक तंत्र का उदाहरण है जिसमें जैविक तत्व तथा अजैव तत्व उपस्थित होते हैं

प्र. कौन जीवीय कारक नहीं है?

(a) पेड़ -पौधे (b) जंतु

(c) सूक्ष्मजीव (d) चट्टान

उत्तर- (d) जीवीय कारक वे होते हैं जिसमें जीवन की जैविक क्रियाएं होती हैं जैसे श्वसन, निषेचन, उत्सर्जन आदि पेड़- पौधे जंतु एवं सूक्ष्मजीव आदि जैवीय कारक है जबकि चट्टान एक अजैवीय कारक है

प्र. अधिकतर पेड़- पौधे पाए जाते है?

(a) स्थलमंडल में (b) जलमंडल में

(c) वायुमंडल में (d) प्रकाशमंडल में

उत्तर- (a) अधिकतर पेड़- पौधे स्थलमंडल में पाए जाते हैं क्योंकि स्थलमंडल में पेड़- पौधों के लिए अनुकूल जलवायु एवं आवश्यक तत्व जैसे मिट्टी, जल आदि की प्राप्ति आसानी से हो जाती है

प्र. अन्य मृत जंतुओं पर जीवन निर्वाह करने वाले प्राणी को कहा जाता है?

(a) पैरासाइट (b) डीकम्पोजर

(c) स्कैवेंजर (d) ओम्नीवोर

उत्तर- (c) स्कैवेंजर का शाब्दिक अर्थ बेहतर होता है जो गंदगी को साफ करता है इसके अंतर्गत गिद्ध, बाज, चील आदि आते हैं जो मृदा जंतुओं पर अपना जीवन निर्वाह करते हैं

प्र. CNG का संक्षिप्त रूप है?

(a) क्लीन नेचुरल गैस का (b) कंप्रेस्ड नेचुरल गैस का

(c) कार्बोनाइज्ड नेचुरल गैस का (d) कार्बुरंटेड नेचुरल गैस का

YouTube Tez Education

उत्तर- (b) CNG का संक्षिप्त रूप कंप्रेस्ड नेचुरल गैस है इस गैस का उपयोग वाहनों में ईंधन के रूप में किया जाता है इससे वाहनों में प्रयुक्त अन्य ईंधन की अपेक्षा न्यूनतम प्रदूषण होता है

प्र. निम्न में से कौन सी अंतर्राष्ट्रीय संस्था पूरे विश्व में पर्यावरण सुरक्षा की देखभाल करती है?

(a) WWF (b) WHO

(c) PETA (d) UN

उत्तर- (a) WWF यह प्रकृति के संरक्षण के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है इसकी स्थापना 1961 को की गई थी WHO वैश्विक स्वास्थ्य संगठन है तथा UN विश्व के सभी देशों का एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है

प्र. लवण जो जल का अवशोषण करता है कहलाता है?

(a) हाइग्रोस्कोपिक लवण (b) एनहाइड्रस लवण

(c) हाइड्रोफिलिक लवण (d) हाइड्रोफोबिक लवण

उत्तर- (a) वे लवण जो जल का अवशोषण करते हैं हाइग्रोस्कोपिक लवण कहलाते हैं हाइग्रोस्कोपिक लवण अपने आस- पास के जलीय अणुओं को अवशोषित कर लेते हैं

प्र. पारिस्थितिक तंत्र एवं प्राकृतिक अधिवासों का संरक्षण तथा उनके प्राकृतिक वातावरणों में प्रजातियों का जीवनक्षम जनसंख्या का रखरखाव एवं प्रति प्राप्ति के लिए प्रयुक्त पद है?

(a) क्रोड संरक्षण (b) स्वस्थाने संरक्षण

(c) अपस्थाने संरक्षण (d) परिधीय संरक्षण

उत्तर- (b) पारिस्थितिक तंत्र एवं प्राकृतिक अधिवासों का संरक्षण तथा उसके प्राकृतिक वातावरण में प्रजातियों का जीवन क्षम जनसंख्या का रख रखाव एवं प्रति प्राप्तियों के लिए स्वस्थाने संरक्षण पद प्रयुक्त किया जाता है

प्र. निम्न में से कौन विश्व ऊष्मायन का कारण है?

(a) जल प्रदूषण (b) मृदा प्रदूषण

(c) वायु प्रदूषण (d) ध्वनि प्रदूषण

उत्तर- (c) विश्व ऊष्मायन का प्रमुख कारण वायु प्रदूषण है वायु में एक निश्चित अनुपात में गैसों का मिश्रण पाया जाता है

प्र. महासागर द्वारा पृथ्वी पृष्ठ के अधिकांश जगह आवृत्त किया गया है जो है लगभग

(a) 3/4 (b) 1/2

(c) 1/4 (d) 2/3

उत्तर- (d) महासागर पृथ्वी के लगभग 2/3 भाग पर फैला हुआ है पृथ्वी के लगभग 71% भाग पर जलीय क्षेत्र है

प्र. स्टेलेक्टाइट एवं स्टेलेग्माइट में निक्षेपण होता है?

(a) सिलिका का (b) मैग्नेशियम कार्बोनेट का

(c) कैल्शियम कार्बोनेट का (d) सोडियम कार्बोनेट का

उत्तर- (c) स्टेलेक्टाइट एवं स्टेलेग्माइट में कैल्शियम कार्बोनेट का निक्षेपण होता है

प्र. निम्न में से कौन वायु प्रदूषण का एक उदाहरण है?

(a) धुआं एवं कुहासा

YouTube Education सब्सक्राइब करें

(b) वाहनों से निकलने वाली गैस

(c) जलती लकड़ी या चारकोल से निकली गैस

(d) उपरोक्त सभी

उत्तर- (d) वायु में अवांछनीय गैसों तथा तत्वों के मिल जाने से वायु प्रदूषित हो जाती है जो प्राणियों के स्वास्थ्य तथा पर्यावरण को हानि पहुंचाती है

प्र. भारत तथा दूसरे देशों में प्रदूषण को रोकने के लिए बनाए गए नियम-- का प्रयोग रोकता है?

(a) कागज के थैले (b) प्लास्टिक के थैले

(c) नायलान के थैले (d) चमड़े के थैले

Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (b) भारत तथा दूसरे देशों में प्रदूषण को रोकने के लिए बनाए गए नियम प्लास्टिक के थैले के प्रयोग को रोकता है क्योंकि प्लास्टिक से मृदा प्रदूषण होता है

प्र. विश्व ऊष्मायन के लिए निम्न में से कौन एक कारक है?

(a) वाहनों से निकली गैस (b) पेड़- पौधों से निकली गैस

(c) भट्टियों से निकली गर्म हवा (d) रसोई गैस

उत्तर- (a) विश्व ऊष्मायन का मुख्य कारण है ग्रीनहाउस गैस इन गैसों की मात्रा वायुमंडल में अत्यधिक बढ़ जाने के कारण पृथ्वी से परावर्तित विकिरण वायुमंडल में नहीं जा पाती परिणामस्वरुप पृथ्वी का तापमान बढ़ने लगता है

प्र. धातुमय प्रस्तर किसे कहा जाता है?

(a) बिटुमिन (b) बॉक्साइट

(c) मेटालायड (d) अयस्क

उत्तर- (d) अयस्क को धातुमय प्रस्तर कहा जाता है अयस्क से ही विभिन्न धातुओं की प्राप्ति होती है

प्र. पेड़- पौधे प्रदूषण को घटाते हैं क्योंकि वे अवशोषण करते हैं?

(a) सल्फर डाइऑक्साइड (b) कार्बन डाइऑक्साइड

(c) कार्बन मोनोऑक्साइड (d) नाइट्रोजन

उत्तर- (b) पेड़- पौधे प्रदूषण को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पौधे अपने श्वसन एवं प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के द्वारा हानिकारक गैस

YouTube Tez सब्सक्राइब कर

कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषित करते हैं तथा ऑक्सीजन गैस का उत्सर्जन करते हैं

प्र. भूकंप मापा जाता है?

(a) बोफोर्ट पैमाने में (b) डेसीबल में

(c) न्यूटन में (d) रिक्टर पैमाने में

उत्तर- (d) पृथ्वी के अंदर उत्पन्न हलचल को भूकंप कहते हैं पृथ्वी से अपार जन- धन की हानि होती है भूकंप मापने के लिए सिस्मोग्राफ यंत्र का प्रयोग किया जाता है इस यंत्र में लगा रिक्टर पैमाना भूकंप की तीव्रता मापता है

Education
सब्सक्राइब करें

प्र. महासागरों में जल स्तर वृद्धि का कारण है?

(a) ध्रुवीय प्रदेश में बर्फ का पिघलना (b) अत्यधिक वर्षा

(c) अम्ल वर्षा (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर- (a) वैश्विक उष्मन के प्रभाव से ध्रुवीय प्रदेशों में जमे बर्फ एवं ग्लेशियर के पिघलने की परिणाम स्वरुप महासागर के जल स्तर में वृद्धि होती है

प्र. हवा में उपस्थित ऑक्सीजन का प्रतिशत है लगभग

(a) 44%  (b) 23%

(c) 40%  (d) 21%

उत्तर- (d) हवा अनेक प्रकार के गैसों का मिश्रण होता है जिसमें कई गैसें अलग-अलग अनुपात में मिले होते हैं इन गैसों की हवा में प्रतिशत उपस्थिति निम्न है- नाइट्रोजन 78%, ऑक्सीजन 21%, कार्बन डाइऑक्साइड 003% तथा अन्य गैसें 0.97% है

प्र. परम तापक्रम पैमाना कौन सा है?

(a) सेल्सियस  (b) फारेनहाइट

(c) केल्विन  (d) उपरोक्त सभी

Tez Education सब्सक्राइब करें

उत्तर- (c) केल्विन अथवा परम ताप पैमाना- इस पैमाने को लॉर्ड केल्विन ने सन् 1852 में प्रचलित किया था

प्र. प्रकाश संश्लेषण संपादित होता है?

(a) सभी पौधों द्वारा  (b) सभी जंतुओं एवं पौधों द्वारा

(c) सभी हरे पौधों द्वारा  (d) वायरसों द्वारा

उत्तर- (c) प्रकाश संश्लेषण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा हरे पौधे सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में जल एवं कार्बन डाइऑक्साइड की सहायता से कार्बोहाइड्रेट का निर्माण करते हैं तथा इस प्रक्रिया में उत्पाद के रूप में ऑक्सीजन निर्मुक्त होती है

प्र. ध्वनि या ध्वनि प्रदूषण मापा जाता है?

(a) फॉन में (b) डेसी में

(c) डेसीबल में (d) डेसीमल में

उत्तर- (c) ध्वनि या ध्वनि प्रदूषण की माप डेसीबल में की जाती है 80 डेसीबल से ऊपर का शोर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है

प्र. निम्न में से कौन पर्यावरण के लिए हानिकारक है?

(a) कागज (b) कपड़ा

(c) धातु (d) प्लास्टिक

उत्तर- (d) प्लास्टिक से मृदा प्रदूषण में वृद्धि होती है प्लास्टिक बहुत लंबे समय तक पृथ्वी में पड़े रहते हैं इनका अपघटन नहीं होता है अतः प्लास्टिक पर्यावरण के अनुकूल नहीं होगा

YouTube Top Education सब्सक्राइब करें

प्र. वातावरण में अत्यधिक हानिकारक सल्फर मिश्रित गैस है?

(a) S (b) $H_2S$

(c) $SF_4$ (d) $SO_2$

उत्तर- (b) वातावरण में अत्यधिक हानिकारक सल्फर मिश्रित गैस हाइड्रोजन सल्फाइड है

प्र. वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है?

(a) वृक्षों द्वारा (b) मछलियों द्वारा

(c) जंतुओं द्वारा (d) सूर्य प्रकाश द्वारा

उत्तर- (a) वायु प्रदूषण रोकने का सबसे बेहतर उपाय वृक्षारोपण करना है इससे वायुमंडल में उपस्थित हानिकारक गैसें जैसे- कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण पौधे कर लेते हैं तथा वायुमंडल में ऑक्सीजन गैस मुक्त हो जाती है

प्र. सूर्य के हानिकारक किरणों से पृथ्वी को कौन सा स्तर सुरक्षित रखता है?

(a) आयन मंडल (b) ओजोन स्तर

(c) क्षोभमंडल (d) चुंबक मंडल

उत्तर- (b) पृथ्वी के ऊपर स्थित समताप मंडल में ऑक्सीजन अणुओं से निर्मित ओजोन गैस की परत पाई जाती है ओजोन मंडल या ओजोन परत सूर्य से आने वाली किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है

प्र. किसी जगह के फ्लोरा तथा फना सूचित करता है?

(a) पेड़- पौधे एवं जंतुओं को (b) मछलियों एवं पेड़- पौधों को

(c) जंतुओं एवं मछलियों को (d) पक्षियों एवं पेड़- पौधों को

उत्तर- (a) किसी स्थान का फ्लोरा एवं फना वहां के पेड़- पौधों एवं जंतुओं को सूचित करता है

प्र. सामुद्रिक कच्छपों को जीवंत जीवाश्म कहा जाता है क्योंकि वे 150 मिलियन वर्षों से भी अधिक समय से पृथ्वी में उपस्थित है भारतीय उपमहाद्वीप के जल भागों में पाए जाने वाले पांच प्रजातियों के समुद्री कच्छप में सबसे अधिक संख्या किसकी है

(a) केनेप्स रिडले (b) लागरहेड

(c) आलिव रिडले (d) फ्लैटबैक

उत्तर- (c) सामुद्रिक कच्छपों को जीवित जीवाश्म कहा जाता है क्योंकि वे 150 मिलियन वर्षों से अधिक समय से पृथ्वी पर उपस्थित है कछुए का जीवनकाल सबसे अधिक होता है भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे ज्यादा आलिव रिडले प्रजाति के कछुओं की संख्या पाई जाती है

YouTube
Tez
Education
सब्सक्राइब करें